झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/35/22 – 107 ,राँची/दिनांक:03/12/2022

नर्सिंग पाठ्यक्रम ANM, के लिए द्वितीय तथा नर्सिंग पाठ्यक्रम GNM के लिए तृतीय ऑनलाईन साक्षात्कार से सम्बंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

भारतीय उपचर्या परिषद (Indian Nursing Council), नई दिल्ली के अधिसूचना संख्या– F.No. 1-6/ (LT)-2022-INC दिनांक 01.12.2022 द्वारा शैक्षणिक वर्ष–2022–23 के नर्सिंग पाठ्यक्रमों ANM तथा GNM में नामांकन की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि क्रमशः 31.10.2022 तथा 30.11.2022 को दिनांक 31.12.2022 तक विस्तारित की गयी है।

2. उपरोक्त के आलोक में एतद् द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रमों ANM/GNM, के नर्सिंग संस्थानों में नामांकन के ईच्छुक अभ्यर्थियों, सम्बंधित अभिभावकों एवं सम्बंधित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि पर्षद द्वारा राजकीय नर्सिंग संस्थान ANM के लिए आयोजित प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरांत रिक्त बचे सीटों एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा द्वारा उपलब्ध कराये गये निजी नर्सिंग संस्थानों के रिक्त सीटों के विरूद्ध नामांकन की अनुशंसा के लिए द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार तथा पर्षद द्वारा नर्सिंग संस्थानों के GNM पाठ्यक्रम के लिए आयोजित द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरांत रिक्त बचे सीटों के विरूद्ध नामांकन की अनुशंसा के लिए तृतीय ऑनलाईन साक्षात्कार निम्नानुसार आयोजित की जा रही है।

3. स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–10/नर्सिंग–10/06/2015(खण्ड–1)–405 (10) दिनांक– 22.11.2022 के अनुसार राज्य के निजी नर्सिंग संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटें अनारक्षित रहेंगी।

4. मेधा–सूची में सम्मिलित तथा धनात्मक (Positive) अंक धारक उम्मीदवार उपलब्ध संस्थानों में से अपने लिये संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "All Online Counselling JCECEB-2022" Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों के चयन कर लें। अभ्यर्थियों को संस्थान/संस्थानों का अपने प्राथमिकता क्रम के अनुसार विकल्पों का चयन करना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।

5. नर्सिंग संस्थानों में नामांकित अभ्यर्थी यदि संस्थान एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु नर्सिंग संस्थानों के रिक्त बचे सीटों पर संस्थान/पाठ्यक्रम परिवर्त्तन कराना चाहते हैं वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। **यदि इस साक्षात्कार में उन्हें सीट आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।**

Time-schedule for Online Counseling for ANM/GNM Courses

Sl. No.	Activity	Date
1.	Display of Seat Matrix	**03.12.2022**
2.	Online Registration, Uploading of Certificates/ Documents and Choice Filling for seat Allotment	**04.12.2022 to 09.12.2022**
3.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	**12.12.2022 to 17.12.2022**
4.	Certificates Documents Verification and Admission in the concerned Nursing Institute	**12.12.2022 to 17.12.2022**

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक